बरेली, गुरुवार
23 जुलाई, 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

Page No : 09 Middle Right

मेडिकल कॉलेजों में पीजी कोर्स की काउंसिलिंग आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी में सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों और डेंटल कॉलेजों की पीजी कक्षाओं में दाखिले के लिए काउंसिलिंग गुरुवार से शुरू होगी और 31 जुलाई तक चलेगी। अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए लखनऊ के डॉ .राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में बुलाया गया है। एमडी, एमएस, डिप्लोमा और एमडीएस पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थियों को अलग-अलग तारीखों पर बुलाया गया है। गुरुवार को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमडीएस कोर्स में दाखिले को अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।